(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के कितने मामलों का पता लगाया गया है; और

(ग) 31 मार्च, 1995 तक कितने अधिकारियों को दोषी पाया गया है और इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी नहीं। तथापि, कुछ अनियमितताओं का पता चला है जिनमें विभागीय कर्मचारी लिप्त थे।

(ख) एम टी एन एल ने पिछले 2 वर्षों के दौरान अनियमितताओं के तेरह मामलों का पता लगाया है।

(ग) अनियमितताओं के लिए दोषी पाये गए एम टी एन एल के 26 अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी/विभागीय कार्रवाई की गई है।

Buildings for telephone exchanges in Gujarat

4489. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether new buildings for tele phone exchanges are under construction In Gujarat;

(b) if so, the details and locations thereof;

(c) how much expenditure is to be in curred on these buildings; and

(d) by when these are likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE CF THE (MINISTRY Op COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir.

(b) to (d). As per annexed State-*ment.*

Statement

Sl. No.	New Building for T.E.	Location	Total Expenditure likely to be incurred on the building project (Rs. in lacs)	Time by when thes e are likely t o be comple-ted.
1	2	3	4	5
1.	TE Bapunagar 40 K E.10B	Ahmedabad	300	May '95
2.	Gulbai Tekra 40 K E.10B	Ahmedabad	400	Sept. '95
3.	Sabarmati RLU	Ahmedabad	20	Mar. '95
4.	Baroda (RLU in CTO compound)	Baroda	20	Sept. '95
5.	Surat (Pandesara) 20K E.10B	Surat	300	Mar. '97
6.	Kalol 10K C-DOT	Kalol	150	Sept. '95
7.	Sidhpur 5K C-DOT	Sidhpur	225	Dec. '95
8.	Nadiad RLU	Nadiad	20	Sept. '95

1	2	3	4	5
9.	Bhavnagar (Chitra RLU) . . .	Bhavnagar	20	June '95
10.	Umargam 10K C-DOT . . .	Umargam	200	June '96
11.	Silvasa 10K C-DOT	Silvasa	225	June '96
12.	Adipur RLU	Adipur	25	Sept. '95
13.	Ankleshwar RLU	Ankleshwar	80	Sept. '95
14.	Sardarnagar-BV RLU . . .	Bhavnagar	25	Sept. '95
15.	Anjar Vertical Extn.	Anjar	20	June '95
16.	Raiya Road, Rajkot	Rajkot	25	Dec. '95
17.	Porbandhar Horizontal and vertical extension of TE building) . . .	Porbandhar	168	Dec. '95

विदिशा और रायसेन जिलों में आप्टिकल फाइबर लाइन

4490. **श्री राघवजी :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के विदिशा और रायसेन जिलों में किन-किन स्थानों में आप्टिकल फाइबर लाइन बिछाने की योजना है ;

(ख) उपर्युक्त योजनाओं को कब तक पूरा कर लिये जाने की संभावना है; और

(ग) उपर्युक्त योजनाओं के पूरा होने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुधराम) : (क) मध्य प्रदेश के विदिशा और रायसेन जिलों में आप्टिकल फाइबर प्रणाली से जिन स्थानों की जोड़ने की योजना है उनके नाम इस प्रकार हैं :—

(i) विदिशा जिला : विदिशा, गंजबासोदा कुर्वई, सिरोज, लटेरी तथा, नटेरन

(ii) रायसेन जिला : ओबेदुल्लागंज, मंडीदीप, सांची, गोहारगंज, बाड़ी, बरेली तथा उदयपुरा ।

(ख) (i) विदिशा, गंजबासोदा, कुर्वई, सिरोज, लटेरी, नटेरन तथा सांची को मार्च, 1996 तक और,

(ii) ओबेदुल्लागंज, मंडीदीप, गोहारगंज, बाड़ी, बरेली तथा उदयपुरा को 1996-97 के दौरान आप्टिकल फाइबर लिंक के चालू किए जाने की संभावना है।

(ग) उपर्युक्त योजनाओं को पूरा होने में विलम्ब का कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया गया है ।

नये टेलीफोन कनेक्शनों में कथित धोखाधड़ी

4491. **श्री कमलेश्वर मिश्र :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 29 मार्च, 1995 के "जनसत्ता" में "नये फोन कनेक्शन के नाम पर ठगी का धन्धा" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;